Need to provide modern state of the art infrastructure at Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University, Pusa, Samastipur, Bihar-Laid

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर):** मैं सरकार का ध्यान डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा,समस्तीपुर, बिहार की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ, जिसे Institute of National Importance का दर्जा प्राप्त है । यह विश्वविद्यालय कृषि अनुसंधान, शिक्षा और इनोवेशन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण इसका पूरा लाभ किसानों और छात्रों को नहीं मिल पा रहा है ।आज के दौर में, कृषि क्षेत्र में टेक्नोलॉजी और रिसर्च का महत्व लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इस प्रतिष्ठित संस्थान में स्टूडेंट्स और रिसर्च स्कॉलर्स को पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं मिलने के कारण उनकी पढ़ाई और इनोवेशन प्रभावित हो रहे हैं । बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है, जहाँ यह विश्वविद्यालय किसानों के लिए टेक्निकल गाइडेंस और ट्रेनिंग हब बन सकता है । मेरी सरकार से यह मांग है कि विशेष पैकेज के तहत विश्वविद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए, जिससे यहाँ रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा मिले । कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप्स, बायोटेक्नोलॉजी, सस्टेनेबल फार्मिंग, और क्लाइमेट-स्मार्ट एग्रीकल्चर पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।सरकार को इस संस्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए अधिक अनुदान और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना चाहिए,ताकि यह भारत के किसानों और कृषि छात्रों के लिए ग्लोबल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बन सके ।